Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भरतपुर में पटवारी 9 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *17 सितम्बर।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर धौलपुर इकाई द्वारा आज शुक्रवार को भरतपुर में कार्यवाही करते हुये राहुल कुमार मीणा पटवारी, पटवार हल्का छतरपुर, तहसील नदबई, जिला भरतपुर को परिवादी से 9 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की धौलपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि जमीन का नामान्तकरण खोलने की एवज में राहुल कुमार मीणा पटवारी, पटवार हल्का छतरपुर, तहसील नदबई, जिला भरतपुर द्वारा 9 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की धौलपुर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेन्द्र सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा भरतपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये राहुल कुमार मीणा पुत्र श्री रामसहाय मीणा निवासी वार्ड नं0 17, नर्सिंग कॉलोनी, खेड़ली, जिला अलवर हाल निवासी अनाज मण्डी के पीछे, अखैगढ़ रोड़, पुलिस थाना खेरली, जिला अलवर हाल पटवारी, पटवार हल्का छतरपुर, तहसील नदबई, जिला भरतपुर को परिवादी से **09 हजार रुपये की रिश्वत** लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।